




नवभारत
भोपाल, शनिवार, 6 जून, 2026


# सड़क हादसे के बाद टौरिया में बवाल

## मारपीट, पुलिस पर हमला और पत्रकारों से भी की अभद्रता

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 5 जून.** छतरपुर शहर में गुरुवार रात एक मामूली सड़क दुर्घटना ने देखते ही देखते बड़े विवाद का रूप ले लिया.महोबा रोड पर दो वाहनों की टक्कर के बाद शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट, पुलिसकर्मियों पर हमला, पत्रकारों से अभद्रता और देर रात तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही.हालात को नियंत्रित करने के लिए शहर के तीनों थानों का पुलिस बल तैनात करना पड़ा.

**4 गाड़ी के कांच चकनाचूर**
**एक व्यक्ति का सिर फटा**
**बुलानी पड़ी 3 थाने की पुलिस**

जानकारी के अनुसार, सौंरा रोड निवासी 25 वर्षीय योगेंद्र कुमार श्रीवास अपनी पत्नी कोमल और दो वर्षीय बेटी अनवी के साथ स्कूटर से घर लौट रहे थे.महोबा रोड स्थित गुरुद्वारे के पास उनकी स्कूटर की टक्कर एक मोटरसाइकिल से हो गई.आरोप है कि दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल चालक ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया.पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मौके पर पहुंचे लोगों ने उनके साथ मारपीट की.परिवार के सदस्यों को चोटें आईं और बीच-बचाव करने वाले कुछ लोगों के साथ भी कथित रूप से मारपीट की गई.

### पुलिसकर्मियों पर भी हमला

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस के अनुसार, आरोपियों की तलाश में जब जवान संबंधित मोहल्ले में पहुंचे तो उनके साथ धक्का-मुक्की की गई. इस दौरान दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और उनकी वर्दी को नुकसान पहुंचा.बाद में अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया.





### पत्रकारों ने भी दर्ज कराई शिकायत

घटना की कवरेज करने पहुंचे कुछ स्थानीय पत्रकारों ने भी मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है.शिकायत के आधार पर पुलिस ने अलग से मामला दर्ज किया है.पत्रकारों का कहना है कि विवाद के दौरान उन पर भी हमला किया गया, जिससे उन्हें चोटें आईं.

### तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज कीं पुलिस ने

पुलिस ने पूरे घटनाक्रम को लेकर तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं.पहला मामला सड़क दुर्घटना के बाद हुई मारपीट से संबंधित है.दूसरा मामला पुलिसकर्मियों के साथ कथित मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का है.तीसरा मामला पत्रकारों की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है.



### देर रात तक बना रहा तनाव

घटना की जानकारी फैलने के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए .इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई .वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और अतिरिक्त बल तैनात किया .देर रात तक पुलिस क्षेत्र में गश्त करती रही .पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पक्षों की शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है .वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य सबूतों की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी .

### कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना के बाद शहर में कानून व्यवस्था को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है .नागरिकों का कहना है कि लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता है .वहीं पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी .

**आबकारी विभाग का एक्शन**


# खजुराहो की द ओबेरॉय होटल सील

**नवभारत न्यूज**
**खजुराहो, 5 जून. पर्यटन नगरी खजुराहो स्थित प्रतिष्ठित द ओबेरॉय खजुराहो पर आबकारी विभाग ने बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर दिया.विभाग को शिकायत मिली थी कि बार लाइसेंस की**

**लाइसेंस खत्म होने के बाद भी परोसी जा रही थी शराब**

**अवधि समाप्त होने के बावजूद होटल प्रबंधन द्वारा कथित रूप से ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी.**

सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने होटल में अचानक निरीक्षण किया.जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर दिया. कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा तैयार किया और संबंधित सामग्री की जब्ती की वैधानिक प्रक्रिया भी पूरी की. इस कार्रवाई के बाद खजुराहो के होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप की स्थिति देखी गई.आबकारी विभाग का कहना है कि लाइसेंस संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## जीतू पटवारी पर टिप्पणी के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चंदला 5 जून.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में लवकुशनगर में युवा कांग्रेस ने स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा. मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ भी किया गया. कार्यकर्ता पार्टी पैदल चलते हुए तहसील कार्यालय लवकुश नगर पहुंचे और एसडीएम आयुष जैन को महामहिम के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का विरोध किया गया और मुख्यमंत्री से अपने शब्द वापस लेने की मांग भी की गई. इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाठक, पार्षद दानिश खान समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## पथराव की घटना को लेकर किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 5 जून.** टोरिया मोहल्ला में हुई मारपीट और पथराव की घटना को लेकर सर्व हिंदू समाज ने शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा कथित अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की गई.समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना से लोगों में आक्रोश है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है.उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो सर्व हिंदू समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा.

# ओवरब्रिज बना रही कंपनी ने मांगा समय

**नवभारत न्यूज**
**चंदला, 5 जून.** चंदला-छतरपुर- लवकुशनगर मुख्य मार्ग डुमरा रेलवे क्रासिंग में बने रहे ओवरब्रिज का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है.कोलकाता की बीबीजे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को यह पूरा काम

**मई में पूरा होना था काम**
**अभी 40 प्रतिशत ही हुआ**

31 मई 2026 तक पूरा करना था. अभी भी सिर्फ 40% ही काम हो सका है. बताया जाता है कि कंपनी ने रेलवे से 6 माह का और अतिरिक्त समय मांगा है यह काम नवंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है.

ओवरब्रिज की लागत 33.65 करोड़ रुपए है.निर्माण कार्य के चलते ब्रिज के आसपास रास्ता कच्चा होने से बारिश में वाहनों का आना-जाना संभव नही है.कंपनी 280 मीटर सीसी रोड बना रही है. इसी सीसी रोड से दो व चार पहिया वाहनों का आवागमन 15 दिनों में शुरू हो जाएगा. जिससे राहगीरों को सिंहपुर - हंसपुरा गांव मार्ग से लवकुशनगर-छतरपुर नहीं जाना पड़ेगा. डुमरा - उमरया होते हुए सीधे मार्ग से पहंच सकेंगे.



### इनका कहना है

ओवरब्रिज निर्माण कार्य पूरा करने रेलवे से 6 माह का और समय मांगा है . नवंबर तक काम पूरा कर लेंगे .

**पार्थ धर, प्रोजेक्ट मैनेजर**
**बीबीजे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कोलकाता।**

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**हरपालपुर, 5 जून.**विश्व पर्यावरण दिवस पर दिदवारा, उमरई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया. लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरित किया. इस अवसर पर बीके पूनम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए.

# हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**चंदला, 5 जून.** प्रदेश भर में 2 जून से शुरू हुई संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं पर साफ दिखाई देने लगा है. हड़ताल के चलते स्वास्थ्य विभाग की कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हो गई हैं.

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरिहार के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवई में संविदा एएनएम के हड़ताल पर चले जाने से सामान्य डिलीवरी अब नहीं हो पा रही है. स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार एवं प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरिहार रेफर किया जा रहा है. सरवई केंद्र में प्रतिदिन औसतन दो से तीन प्रसव होते थे, लेकिन हड़ताल के बाद गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को अतिरिक्त दूरी तय कर गौरिहार पहुंचना पड़ रहा है.



### इनका कहना है

सरवई में स्थायी एएनएम पदस्थ नहीं है . संविदा एएनएम के हड़ताल पर होने से वहां डिलीवरी पॉइंट संचालित नहीं हो पा रहा है . प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को गौरिहार रेफर किया जा रहा है .

**डॉ . जीतेन्द्र वर्मा, प्रभारी बीएमओ,गौरिहार**

**खजुराहो को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने की तैयारी**

# 300 करोड़ की योजना पर हुआ मंथन

**नवभारत न्यूज**
**खजुराहो, 5 जून.** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के उद्देश्य से भारत सरकार की 'वन स्टेट वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' योजना के तहत महत्वपूर्ण हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई.स्थानीय झंकार होटल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पार्थ जैसवाल ने की.

बैठक में अरविंद पटैरिया, अरुण अवस्थी, जितेंद्र वर्मा सहित पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग, होटल व्यवसायी, गाइड और ट्रैवल एजेंट शामिल हुए. बैठक का मुख्य उद्देश्य खजुराहो के लिए तैयार किए जा रहे डेस्टिनेशन मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन के प्रारूप पर सुझाव प्राप्त करना था.

विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि खजुराहो को केवल मंदिरों तक सीमित न रखकर योग, वेलनेस, ग्रामीण पर्यटन, साहसिक गतिविधियों और बुंदेली संस्कृति से जोड़कर एक समग्र पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए.इससे पर्यटकों के ठहरने की अवधि बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा.

विधायक अरविंद पटैरिया ने बताया कि योजना स्वीकृत होने पर केंद्र सरकार से लगभग 300 करोड़ रुपये की राशि खजुराहो के विकास कार्यों के लिए प्राप्त हो सकती है.

## 21 जून तक चलेंगी पर्यावरण गतिविधियां

**छतरपुर.** कलेक्टर ने 21 जून तक पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए.उन्होंने खराब हो चुके पौधों की गैप फिलिंग कर नए फलदार एवं छायादार पौधे लगाने पर जोर दिया. उन्होंने 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत भी पौधरोपण और गैप फिलिंग कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए. बैठक के अंत में कलेक्टर ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए.

**धार्मिक** **13 देशों के एक लाख से अधिक परिवारों ने की सहभागिता**

# बागेश्वर धाम में हुआ ऑनलाइन हनुमान चालीसा हवन

**छतरपुर, 5 जून.** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल बागेश्वर धाम में पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में छठवें ऑनलाइन हनुमान चालीसा हवन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. सनातन संस्कृति और वैदिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस महाअनुष्ठान में देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की.

धाम परिसर में आयोजित हवन में करीब 50 हजार श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए. श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हनुमान चालीसा की सिद्ध चौपाइयों पर यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कीं.वहीं डिजिटल माध्यमों के जरिए भारत सहित 13 अन्य देशों में रहने वाले एक लाख से अधिक परिवारों ने अपने घरों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों और व्यावसायिक स्थलों पर यज्ञ वेदी बनाकर इस अनुष्ठान में भाग लिया.



पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बागेश्वर महाराज ने कहा कि विदेशों में बसे भक्तों का लगातार इस अभियान से जुड़ना सनातन संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता और उसकी मजबूत जड़ों का प्रमाण है. आधुनिक तकनीक के माध्यम से धार्मिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे घर-घर हवन और संस्कारों की परंपरा पुनर्जीवित हो रही है.